# अमृत विचार
बरेली महानगर

बरेली , मंगलवार,9 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : MIDDLE


# कूच बिहार ट्रॉफी : 16 से यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच होगा मैच

## बरेली को तीसरी बार मेजबानी, एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पर 19 दिसंबर तक होगा मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली को बीसीसीआई की कूच बिहार ट्रॉफी के मैच की तीसरी बार मेजबानी मिली है। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 16 से 19 दिसंबर के बीच उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमों के बीच अंडर-19 क्रिकेट मैच होगा। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से सिविल लाइंस स्थित एक होटल में सोमवार को प्रेसवार्ता में सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए एसोसिएशन लगातार कैंप और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। एसआरएमएस के सहयोग और आदित्य मूर्ति के मार्गदर्शन में हाल ही में पहली बार टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट भी हुआ। इसके अलावा बीसीए पहले भी दो बार कूच बिहार ट्रॉफी मैच सफलतापूर्वक आयोजित कर चुका है। बीसीसीआई और यूपीसीए अधिकारियों ने स्टेडियम का निरीक्षण कर सुविधाओं को मानकों के अनुरूप पाया, जिसके बाद आयोजन की जिम्मेदारी दोबारा दी गई।




कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 के बारे में जानकारी देते आदित्य मूर्ति व अन्य।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव और बीसीए संरक्षक आदित्य मूर्ति ने कहा कि बरेली में तीसरी बार कूच बिहार ट्रॉफी के मैच का आयोजन होना शहरवासियों के लिए गर्व की बात है। इससे पहले 2022 और 2024 में यहां उत्तर प्रदेश की टीम के दो मैच सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय सुविधाएं, स्तरीय पिच, हॉस्पिटेलिटी और टीमवर्क की वजह से ही यह संभव हो पाया है। आदित्य मूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस ट्रस्ट 2014 से क्रिकेट एकेडमी भी चला रहा है, जहां से कई खिलाड़ी राज्य स्तरीय टीमों में चयनित हुए हैं। मैच के लिए आयोजन समिति बनाई जा चुकी है। दोनों टीमें 14 दिसंबर को बरेली पहुंचेंगी और 15 दिसंबर को प्रैक्टिस सत्र होगा। 16 दिसंबर को सुबह 9 बजे मैच की शुरुआत होगी। इस अवसर पर बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, आर्गनाइजिंग प्रेसीडेंट एवं प्रिंसिपल एसआरएमएस सीईटी डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ओपी कोहली, शहजाद अली, राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा और मनीष सिंह मौजूद रहे।

- **बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता में कहा तैयारियां अंतिम चरण में**

### यूपी की टीम

उत्तर प्रदेश की टीम में कप्तान भव्य गोयल, आयान अकरम, अनमोल नौसरन, कैफ रहमान, भवी शर्मा, कार्तिकेय सिंह, राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी।

### बंगाल की टीम

बंगाल की टीम में कप्तान चंद्रहास दास, आदित्य रॉय, अतमाजा मोंडल, सायान पॉल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्रिय विश्वा, सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती शामिल हैं।